राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस–नोट

क्रमांक : एफ6(3) परीक्षा 'ग' / व0अ0 (माशि) / 2022 / 1676 दिनांक : 13–10–2023

वरिष्ठ अध्यापक–उर्दू (मा.शि.) टी.एस.पी. एवं नॉन–टी.एस.पी. प्रतियोगी परीक्षा, 2022 के पदों की भर्ती के सम्बन्ध में आयोग द्वारा दिनांक 18.09.2023 को जारी की गई विचारित सूची में सम्मिलित अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउन्सलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में दिनांक 06.10.2023 को सांय में आयोजित की गई। उक्त निर्धारित दिनांक को काउन्सलिंग हेतु अनुपस्थित रहें अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा **अंतिम अवसर प्रदान करते हुए दिनांक 18.10.2023 को प्रातः 09.30 बजे काउन्सलिंग में उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जाता है,** अनुपस्थित अभ्यर्थी आयोग द्वारा पूर्व में अपलोड किये गये काउन्सलिंग पत्र के साथ काउन्सलिंग हेतु उपस्थित होंवे। काउन्सलिंग में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों के नवीन काउन्सलिंग पत्र अपलोड नहीं किये गये हैं। काउन्सलिंग में उपस्थित होने हेतु अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाईल नम्बर पर SMS के माध्यम से भी सूचित किया जा रहा है।

विचारित सूची में सम्मिलित एवं काउन्सलिंग में अनुपस्थित रहे अभ्यर्थियों को अंतिम तौर पर सूचित किया जाता है कि आयोग की वेबसाइट www.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवेदन पत्र, प्रपत्र तथा आवश्यक दिशा–निर्देश डाउनलोड कर उनका अध्ययन करते हुए विस्तृत आवेदन पत्र की प्रविष्टिया पूर्ण करने के उपरान्त निर्धारित दिनांक एवं समय पर आवश्यक रूप से उपस्थित होंवे। काउन्सलिंग में पुनः अनुपस्थित रहने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई अन्य अवसर प्रदान नहीं किया जाएगा तथा ना ही ऐसे अभ्यर्थियों को जारी किए जाने वाले अंतिम परिणाम में सम्मिलित किया जायेगा जिसकी समस्त जिम्मेदारी स्वयं अभ्यर्थी की होगी। काउन्सलिंग में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थियों को आयोग द्वारा कोई यात्रा / दैनिक भत्ता देय नहीं होगा। शेष शर्तें इस बाबत् पूर्व में जारी प्रेस–विज्ञप्ति दिनांक 29.09.2023 के अनुसार रहेंगी।

अनुपस्थित अभ्यर्थियों की सूची हेतु आयोग की वेबसाईट का अवलोकन अपेक्षित है।

(रामनिवास मेहता)
सचिव